चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/2571
दिनांक : 18.02.2020

सेवा में

प्राचार्य / प्राचार्या,
रूसा आच्छादित राजकीय मॉडल महाविद्यालय / राजकीय महाविद्यालय,
समस्त सम्बद्ध शासकीय महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय :– दिनांक 21.02.2020 को मातृभाषा दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांक –F.No.8-41/2019-L.II दिनांक 07 फरवरी, 2020 तथा उप निदेशक, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के पत्रांक 1584/SPD/RUSA/377/119 दिनांक 14.02.2020 के आदेश के क्रम में सभी सम्बन्धित विश्वविद्यालयों, राजकीय मॉडल महाविद्यालयों एवं राजकीय महाविद्यालयों में दिनांक 21 फरवरी, 2020 को " **मातृभाषा दिवस** " का आयोजन किया जाना है। जिन क्षेत्रों में 21 फरवरी, 2020 को महाशिवरात्रि पर्व के कारण अवकाश होगा, उन क्षेत्रों में एक दिन पूर्व अर्थात 20 फरवरी, 2020 को ही मातृभाषा दिवस का आयोजन किया जायेगा। मातृभाषा दिवस के आयोजन में निम्नलिखित गतिविधियों का समावेश किया जाये :–

1. मातृभाषा में प्रकाशित किताबों का प्रदर्शन।
2. मातृभाषा को दर्शाने वाली लघु फिल्मों का प्रदर्शन।
3. वाद–विवाद / समूह परिचर्चा।
4. लघु नाटक आदि।

कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार एवं विस्तृत आच्छादन हेतु स्थानीय दूरदर्शन एवं ऑल इण्डिया रेडियो तथा विभिन्न संचार माध्यमों को कार्यक्रम से पूर्व सूचित किया जाये। विभिन्न मातृभाषाओं के अध्ययन से सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थानों की वेबसाइट की जानकारी **"एक भारत श्रेष्ठ भारत"** कार्यक्रम के बैनर में प्रदर्शित की जाये। सभी सम्बन्धित को **"एक भारत श्रेष्ठ भारत"** का यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड दिनांक 06.02.2020 को ही प्रेषित किया जा चुका है।

अतः अनुरोध है कि मातृभाषा दिवस का आयोजन बड़े स्तर पर कराने तथा आयोजन की सभी गतिविधियों को वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

उपरोक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

18-02-2020

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. वैयक्तिक सहायक–कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. प्रतिकुलपति महोदया, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / निदेशक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
5. परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
6. प्रभारी वेबसाईट।
7. प्रेस प्रवक्ता।

कुलसचिव